**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**23.01.2025/प्रादेशिक समाचार/राजकुमारी/विनोद कुमार/**

**संजय/1100 बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने कांगड़ा जिला के शीतकालीन प्रवास के दौरान आज धर्मशाला के ढगवार में 225 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक मिल्क प्लांट की आधारशिला रखेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री मेला ग्राउंड दाड़ी में जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

डैस्क

**नेता जी**

स्वाधीनता सेनानी नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती को आज पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सन 1897 में आज ही के दिन उड़ीसा के कट्टक में उनका जन्म हुआ था। इस मौके पर कटक में तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का उदघाटन उड़ीसा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी करेंगे। इस मौके पर कई गण्यमान्य लोग नेता जी को श्रद्धाजंलि भी देंगे। बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विडियो संदेश के साथ बाराबंकी किले में पराक्रम दिवस समारोह की शुरूआत होगी। इस समारोह में नेता जी के जीवन पर केंद्रित एक पुस्तक, फोटो और अभिलेखीय प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।

आकाशवाणी

**महाकुंभ**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ के दौरान आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता जानने के लिए नया चैटबॉट जारी किया गया है। इस चैटबॉट का उद्देश्य महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के अनुभव को बेहतर बनाना है। विस्तृत ब्यौरा इस रिपोर्ट में

**डिस्पेच**

ए आई आधारित चैटबॉट का उपयोग करने से 1 किलोमीटर के दायरे में स्थित पार्किंग स्थल फूड कोर्ट और अस्पतालों के बारे में सटीक जानकारी मिल सकेगी। ये न केवल तीर्थ यात्रियों को महाकुंभ की पूरी मैपिंग प्रदान करेगा बल्कि आसान नेविगेशन के लिए गूगल मैप लिंक के साथ हर क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी भी प्रदान करता है। एआई चैटबॉट तीर्थ यात्रियों को पार्किंग, परिवहन, बैंकिंग, वाटर, ए टी एम और अन्य सेवाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी पल भर में देने में सक्षम बन रहा है ये सुविधा उपयोगकर्ताओं को उनकी जरूरतों के हिसाब से रियल टाइम पी डी एफ फाइल डाउनलोड करने की भी सुविधा देता है। केवल एक क्यू आर कोड को स्कैन करके श्रद्धालु अपने मोबाइल पर सीधे महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**सेमिनार**

नाबार्ड द्वारा आज शिमला में वर्ष 2025–26 के लिए स्टेट क्रेडिट सेमिनार आयोजित किया जाएगा। सेमिनार में आगामी वित वर्ष के लिए ऋण संभाव्यता योजना तैयार की जाएगी। इस ऋण प्रवाह से हिमाचल प्रदेश में प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का विकास होगा। बीते वर्ष नाबार्ड ने प्रदेश में कृषि और संबद्ध गतिविधियों, **एम एस एम ई** और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए 34 हजार 4 सौ 90 करोड़ रुपये से अधिक की ऋण संभाव्यता योजना तैयार की थी। इस बार इसमें और अधिक इजाफा होने की उम्मीद है। सेमिनार मे मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे।

**योगराज / पीटीसी**

**स्वास्थ्य सेवाएं**

चंबा जिला में दिव्यांग बच्चों को उनके घर द्वार पर ही एन एच पी सी चमेरा चरण–2 व साफिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क थैरेपी सेवाएं दी जाएंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बिपिन ठाकुर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जिले के दिव्यांग बच्चों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाकर उनके जीवन को बेहतर बनाना है। एन एच पी सी चमेरा चरण–2 के महाप्रबंधक उमेश कुमार नंद ने कहा साफिया फाउंडेशन इस अभियान के तहत तीन साल दिव्यांग बच्चों को थैरेपी संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाएगा।

विकास / चंबा

**गणतंत्र दिवस**

प्रदेश में गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित होगा। समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने बताया कि गणतंत्र दिवस का गौरवशाली दिन धूमधाम से मनाया जाएगा।

वहीं गणतंत्र दिवस पर करीब 25 विभागों की झांकियां समारोह का मुख्य आकर्षण होंगी।

पीटीसी / योगराज

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर आज दिन की शुरूआत गुनगुनी धूप के साथ हुई है। पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ होने के चलते अधिकतम तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। हालांकि मौसम विभाग ने आज ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात जबकि मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई है।